सं.ए-12025/1/2010 लेखन सामग्री
भारत सरकार

# शहरी विकास मंत्रालय

**निर्माण भवन, नई दिल्ली**

**विषय :** शहरी विकास मंत्रालय के अधीन भारत सरकार, लेखन सामग्री कार्यालय, कोलकाता, में नियंत्रक, लेखन सामग्री के पद को भरे जाने के संबंध में.

इस मंत्रालय के अधीन भारत सरकार, लेखन सामग्री कार्यालय में लेखन सामग्री नियंत्रक का एक पद दिनांक 1.4.2011 से रिक्त है. पद को प्रतिनियुक्ति (लघु अवधि संविदा सहित) आधार पर भरे जाने का प्रस्ताव है. पद वेतन बैंड-3, 15600-39100 रु. के साथ 7600 रु. के ग्रेड वेतन वाला है. इस पद धारक को कार्यालय प्रमुख के रुप में सीधे ही मंत्रालय के नियंत्रणाधीन कार्य करना है और वह अन्य बातों के साथ-साथ सार्वजनिक उपयोग हेतु विभिन्न केन्द्रीय सरकारी विभागों के लिए अपेक्षित लेखन सामग्री मदों, कागज, आदि की आयोजना, अधिप्राप्ति, भण्डारण और संवितरण के लिए उत्तरदायी होंगे. इसका मुख्यालय 3, चर्च लेन, कोलकाता-700001 में है और इसके तीन क्षेत्रीय डिपो नई दिल्ली, मुंबई और चेन्नई में हैं.

**2. वे अधिकारी जो केन्द्र/राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्रों/ सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/ स्वायत्त निकायों और अर्द्ध-स्वायत्त संगठनों में :-**

(क) (i) मूल कैडर अथवा विभाग में नियमित आधार पर समकक्ष पद धारित हों, अथवा

(ii) मूल कैडर अथवा विभाग में वेतन बैंड-3 15600-39100 रु. तथा 6600 रु. के ग्रेड वेतनमान में अथवा समकक्ष पर नियमित आधार पर उस पर नियुक्ति के पश्चात् उस ग्रेड में पांच वर्ष की सेवा पूरी कर चुके हों, और

(ख) (i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से ग्रेजुएट ड्रिग्री धारक अथवा समकक्ष हों; और

(ii) लेखन सामग्री और भण्डारण के क्षेत्र में दस वर्ष का अनुभव रखते हों.

इस पद हेतु आवेदन करने के पात्र हैं.

**नोट :** फीडर श्रेणी में विभागीय अधिकारी जो सीधे प्रोन्नति की लाइन में हैं, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार हेतु पात्र नहीं होंगे. इसी प्रकार प्रतिनियुक्ति वाले प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार हेतु पात्र नहीं होंगे.

केन्द्र सरकार के इसी अथवा अन्य संगठन/ विभाग में इस नियुक्ति से तत्काल पूर्व धारित अन्य संवर्ग ब्राह्य पद में प्रतिनियुक्ति (अल्प अवधि संविदा सहित) की अवधि सहित इस प्रतिनियुक्ति की अवधि (अल्प अवधि संविदा सहित) चार वर्ष से अधिक नहीं होगी. प्रतिनियुक्ति (अल्प अवधि संविदा सहित) पर नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन की प्राप्ति की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी.

**3. चयनित उम्मीदवारों का वेतन इस संबंध में समय-समय पर यथा संशोधित नियमों के अनुसार विनियमित होगा.**

4. कृपया संलग्न प्रपत्र में इच्छुक पात्र अधिकारियों के बायोडाटा के साथ रोजगार समाचार पत्र में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से **दो माह के भीतर** तीन प्रतियों में इस मंत्रालय को भेज दिए जाएं. आवेदन पत्रों के साथ सत्यनिष्ठा प्रमाण पत्र और सतर्कता अनापत्ति सहित संबंधित अधिकारियों का अद्यतन सी आर डोजियर भी भेजा जाए. यह भी बताया जाय कि क्या आवेदकों पर कभी कोई बड़ी/छोटी शास्ति लगाई गई थी. यदि हां तो, आवेदन पत्र भेजते समय उनका ब्यौरा भी प्रस्तुत किया जाए. उपर्युक्त कागजातों/सूचना के साथ केवल पात्र उम्मीदवारों के आवेदन पत्र ही विचारार्थ भेजे जाएं. देरी से प्राप्त और अथवा उपर्युक्त कागजातों/सूचना के बिना प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा.

**(जी.के.गौतम)**
**अवर सचिव, भारत सरकार**
**दूरभाष:23061828**

## जीवन वृत प्रोफार्मा

1. नाम और पता (स्पष्ट अक्षरों में) ........
2. जन्म तिथि (ईस्वी में) ......................
3. केन्द्र/राज्य सरकार के अंतर्गत सेवानिवृति की तिथि ...................................

4. शैक्षणिक योग्यताएं .........................

5. क्या इस पद हेतु अपेक्षित शैक्षणिक एवं अन्य अर्हताएं पूरी हैं. (यदि कोई अर्हता, नियमों में निर्धारित किसी अर्हता के समतुल्य मानी गयी है तो इस के लिए प्राधिकार का उल्लेख करें)

| अपेक्षित अर्हताएं/ अनुभव | | अधिकारी की अर्हताएं/अनुभव |
|---|---|---|
| अनिवार्य | (1) | |
| | (2) | |
| | (3) | |
| वांछित | (1) | |
| | (2) | |
| | (3) | |

6. कृपया आपके द्वारा की गई उपर्युक्त प्रविष्टि के आलोक में स्पष्ट रुप से उल्लेख करें कि आप इस पद की अपेक्षाओं को पूरा करते हैं :

7. कालानुक्रम में नियुक्ति का ब्यौरा. यदि नीचे दी जगह कम है तो अपने हस्ताक्षर द्वारा विधिवत प्रमाणित अलग पर्ची संलग्न करें.

(i) कार्यालय/संस्थान/संगठन

(ii) धारित पद.................से.................तक

(iii) वेतनमान और मूल वेतन

(iv) ड्यूटी की प्रकृति (ब्योरे सहित)

8. वर्तमान नियुक्ति की प्रकृति यथा तदर्थ अथवा अस्थायी अथवा अर्द्ध- स्थायी या स्थायी

यदि वर्तमान नियुक्ति प्रतिनियुक्ति/संविदा आधार पर है, तो कृपया उल्लेख करें

(क) प्रारंभिक नियुक्ति की तिथि

(ख) प्रतिनियुक्ति/संविदा पर नियुक्ति की अवधि

(ग) मूल कार्यालय/संगठन का नाम जिससे आप संबंध रखते हों

10. वर्तमान रोजगार के बारे में अन्य ब्यौरे : कृपया बताएं किसके अंतर्गत कार्यरत हैं:

| | |
|---|---|
| (क) केन्द्र सरकार | (घ) सरकारी उपक्रम |
| (ख) राज्य सरकार | (ङ) विश्वविद्यालय |
| (ग) स्वायत संगठन | (च) अन्य |

11. कृपया बताएं कि क्या आप इसी विभाग में कार्यरत हैं और फीडर ग्रेड या फीडर के फीडर ग्रेड में हैं.

12. क्या आप संशोधित वेतनमान में हैं? यदि हां तो संशोधन की तिथि बताएं और पूर्व-वेतनमान भी दर्शाएं.

13. इस समय आहरित प्रतिमाह कुल परिलब्धियां

14. अतिरिक्त सूचना, यदि कोई हो जिसे आप पद के लिए अपनी उपयुक्तता के समर्थन में उल्लेख करना चाहेंगे. (इसमें निम्न के संबंध में सूचना प्रदान कर सकते हैं (i) अतिरिक्त शैक्षणिक योग्यता (ii) व्यावसायिक प्रशिक्षण एवं (iii) रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन में निर्धारित कार्य अनुभव के अतिरिक्त अनुभव) (नोटः यदि स्थान पर्याप्त न हो तो अलग से पृष्ठ संलग्न करे)

15 कृपया बताएं कि क्या आप प्रतिनियुक्ति(आईएसटीसी)/समावेशन/पुनः रोजगार आधार पर आवेदन कर रहे हैं. केन्द्र/राज्य सरकार के अधिकारी केवल ('समावेशन' के लिए पात्र हैं. गैर सरकारी संगठनों के अभ्यर्थी केवल अल्प अवधि संविदा के लिए पात्र हैं).

16 क्या अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति से संबंधित हैं?

17 टिप्पणियां : (अभ्यर्थी निम्न के संबंध में सूचना दर्शा सकते हैं) (i) शोध प्रकाशन एवं रिपोर्ट तथा विशेष परियोजनाएं (ii) पुरस्कार/छात्रवृत्ति/सरकारी सम्मान (iii) व्यावसायिक निकायों/संस्थानों/सोसाइटियों से संबंध तथा (iv) अन्य कोई सूचना

(नोट : यदि स्थान अपर्याप्त हो तो अलग पृष्ठ संलग्न करें)

मैंने रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन को ध्यानपूर्वक पढ़ लिया है और मुझे इस बात की पूरी जानकारी है कि मेरे द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज से विधिवत प्रमाणित जीवनवृत का मूल्यांकन इस पद के लिए चयन के समय चयन समिति द्वारा भी किया जाएगा.

**अभ्यर्थी के हस्ताक्षर**

पता : ..................

दिनांक : ..............

प्रतिहस्ताक्षरित........

(मुहर सहित नियोक्ता)

रो.स. 35/51